California
Secretary of State

CaliforniaSOS
CaliforniaSOS_
CASOSvote
Californiasos

4 नवम्बर, 2025, राज्यव्यापी विशेष चुनाव के बारे में त्वरित तथ्य

महत्वपूर्ण अंतिम तारीखें:

काउंटियाँ डाक से मतपत्र भेजना शुरू करती हैं..6 अक्तूबर
मतदान करने के लिए पंजीकरण करें...20 अक्तूबर
सशर्त मतदाता पंजीकरण..21 अक्तूबर-4 नवम्बर
डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र वापस भेजना*...4 नवम्बर

*डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र पर 4 नवंबर को या उससे पहले की डाक मोहर लगे होना और 12 नवम्बर तक काउंटी के चुनाव कार्यालयों द्वारा प्राप्त किया जाना ज़रूरी है।

मैं मतदान करने के लिए पंजीकरण कैसे करूँ?

आप ऑनलाइन registertovote.ca.gov पर जाकर मतदान करने के लिए पंजीकरण करें या अपने पंजीकरण को अपडेट करें। अगर आप कागज़ी फ़ॉर्म भरना चाहते हैं, तो मतदाता पंजीकरण आवेदन-पत्र डाक घरों, काउंटी चुनाव अधिकारी, और पुस्तकालयों में मिल सकते हैं।

तो क्या होगा यदि मैं मतदाता पंजीकरण की समय सीमा चूक जाता/ती हूँ?

अगर आप मतदान करने के लिए पंजीकरण करने की समय सीमा से चूक जाते हैं, तब भी आप सशर्त मतदाता पंजीकरण को पूरा करने के लिए चुनाव के दिन या उससे पहले अपने काउंटी चुनाव कार्यालय, मतदान केंद्र, या मतदान स्थल पर जा सकते हैं (जिसे अक्सर "उसी दिन मतदाता पंजीकरण" के रूप में जाना जाता है)। अधिक जानकारी के लिए अपने काउंटी चुनाव अधिकारी से संपर्क करें या vote.ca.gov पर जाएँ।

अगर मुझे अपने मतदाता पंजीकरण की स्थिति की जांच करने की आवश्यकता है, तो मुझे क्या करना होगा?

अपनी मतदाता पंजीकरण की स्थिति की जांच करने के लिए, आप voterstatus.sos.ca.gov पर "मेरी मतदाता स्थिति" टूल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

मुझे अपना मतपत्र कब प्राप्त होगा?

सभी सक्रिय पंजीकृत मतदाताओं को 4 नवम्बर, 2025 के चुनाव के लिए डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र भेजा जाएगा। काउंटियों के लिए मतपत्र भेजना शुरू करने का आखिरी दिन 6 अक्टूबर, 2025 है।

मुझे अपनी राज्य की मतदाता सूचना गाइड कब प्राप्त होगी?

पंजीकृत मतदाता, चुनाव के दिन से कुछ सप्ताह पहले, राज्य सचिव के कार्यालय से डाक द्वारा अपनी राज्य मतदाता सूचना गाइड प्राप्त करेंगे।

यह ऑनलाइन voterguide.sos.ca.gov पर भी उपलब्ध होगी।

क्या होगा अगर मुझे एक प्रतिस्थापन मतपत्र की आवश्यकता है?

अगर आपको डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र प्राप्त नहीं हुआ, या आपका अपना मूल मतपत्र खो गया है या नष्ट हो गया है, तो आप एक प्रतिस्थापन मतपत्र के लिए आवेदन कर सकते हैं।

प्रतिस्थापन मतपत्र आवेदन यहाँ मिल सकता है https://elections.cdn.sos.ca.gov/vote-by-mail/pdf/replacement-application.pdf.

आप अपनी काउंटी के चुनाव कार्यालय से फ़ोन, ईमेल, फैक्स, या किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक तरीके से प्रतिस्थापन मतपत्र भेजने के लिए अनुरोध कर सकते हैं।

मैं अपना डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र कैसे लौटा सकता हूँ?

आप अपना डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र इस प्रकार लौटा सकते हैं:

- अपनी काउंटी के चुनाव अधिकारी को डाक द्वारा भेजकर,
- इसे राज्य में कहीं भी एक मतपत्र ड्रॉप बॉक्स में डालकर या एक मतदान स्थल पर वापस करके, या
- किसी विश्वसनीय व्यक्ति से आपके लिए अपना मतपत्र वापस करने के लिए कहकर, जब तक कि उन्हें प्रति मतपत्र के आधार पर कोई भुगतान नहीं किया जाता है

मैं अपना मतदान स्थल, मतदान केंद्र, या ड्रॉप बॉक्स कैसे तलाश करूं?

- अपने सबसे करीबी मतपत्र ड्रॉप बॉक्स स्थान का पता लगाने के लिए, caearlyvoting.sos.ca.gov पर जाएँ।
- अपने काउंटी चुनाव कार्यालय से संपर्क करें।

मैं अपने मतपत्र को कैसे ट्रैक कर सकता/ती हूँ ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह प्राप्त हो गया है और गिना गया है?

"मेरा मतपत्र कहाँ है?" टूल के लिए साइन-अप करके अपने डाक-द्वारा-मतदान मतपत्र की स्थिति के बारे में अधिसूचनाएं प्राप्त कर सकते हैं।

टेक्स्ट मैसेज (SMS), ईमेल, या वॉयस कॉल द्वारा स्वचालित अपडेट्स प्राप्त करने के लिए wheresmyballot.sos.ca.gov पर साइन अप करें। आप यह पता लगाने के लिए कि क्या आपका मतदान गिना गया है, voterstatus.sos.ca.gov पर जा सकते हैं।